>

Title: Demand for One rank one pension scheme for Ex-Defence personnel .

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : सभापति महोदय, पिछले दिनों जंतर-मंतर पर देश के भूतपूर्व सैनिकों ने, जिनमें सिपाही से लेकर जनरल तक के लोग शामिल थे, धरना और प्रदर्शन किया। वे बहुत लम्बे अरसे से समान रैंक, समान पैंशन की मांग करते रहे हैं। यह बड़ी विडंबना है कि 15-20 साल पहले सेवा निवृत हुए जनरल को आज जो कर्नल रिटायर होता है, उससे भी कम पैंशन मिलती है। 15 साल पहले रिटायर हुए सूबेदार मेजर को आज जो सिपाही रिटायर होता है, उससे भी कम पैंशन मिलती है। मैं समझता हूं कि देश की रक्षा सेनाओं को सम्मान देने हेतु और रक्षा सेनाओं का मान बढ़ाने हेतु हमें यह निर्णय लेना चाहिए कि जिस रैंक से व्यक्ति रिटायर हो, वर्तमान में उन्हें उसी हिसाब से पैंशन मिले। मैं सरकार से कहना चाहूंगा कि आने वाले दिनों में तत्काल निर्णय लेकर पूर्व सैनिकों के सम्मान को सुरक्षित रखे जिससे उन्हें अपने मैडल वगैरह लौटाने जैसे काम नहीं करने पड़ें और धरना-प्रदर्शन नहीं देना पड़े। मैं यह मांग करता हूं। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।